वर्ष- 21 अंक - 251 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
इंदौर, मंगलवार
24 फरवरी 2026
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

## राहुल और खरगे आज भोपाल में

**भोपाल.एजेंसी।** अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड डील के विरोध में आज कांग्रेस भोपाल के जवाहर चौक पर किसान महाचौपाल करेगी जिसमें राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हो रहे हैं। प्रदेशभर के कांग्रेसजन भोपाल पहुंचे हैं।

## घर में आग से 5 बच्चों सहित 6 की मौत

**मेरठ.एजेंसी।** मेरठ में एक घर में भीषण आग से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर है। आग की चपेट में आए 6 लोगों में से 5 बच्चे हैं। बताया जा रहा है शाम को इकबाल अपने भाई के साथ नमाज में गए थे। घर में दो महिलाएं और 5 बच्चे थे तभी आग लग गई।

## पूछताछ के बाद चिब गिरफ्तार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** शर्टलेस प्रोजेस्ट मामले में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस के एक सांसद ने दावा किया है कि चिब को पुलिस ने तड़के 4:30 बजे गिरफ्तार किया है।

## टैरिफ घमासान... टूटे निफ्टी-सेंसेक्स

**मंगलवार.एजेंसी।** अमेरिकी शेयर बाजार में मचे हाहाकार का असर भारतीय शेयर मार्केट पर भी दिख रहा है। आज सुबह शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों कई अंक गिरे।

## नए कार्यालय में पहली बैठक

**नई दिल्ली.एजेंसी।** नए प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ में आज कैबिनेट की पहली बैठक सुबह 11 बजे से हो रही है। पिछली बैठक 13 फरवरी को साउथ ब्लॉक के पुराने पीएम कार्यालय पर हुई थी, जहां पीएम ने कई यादें साझा की थी। उन्होंने बताया कि साउथ ब्लॉक के कार्यालय में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए।



# कांग्रेस का पांच वार्डों को लेकर झोन पर घेराव

## 10 दिनों में समस्या करो हल, नहीं तो आन्दोलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे की मौजूदगी में झोन क्रमांक 13 बिलावली पर प्रदर्शन कर वहां आ रही पांच वार्ड 74 से 78 तक की समस्या को लेकर घेराव प्रदर्शन किया गया। इन वार्डों में गंदा पानी आ रहा है और कहीं भागीरथपुरा जैसी स्थिति ना हो इसलिए झोन अधिकारियों का घेराव, प्रदर्शन किया गया और समस्या का ज्ञापन भी दिया। चौकसे ने कहा कि निगम की लापरवाही के कारण हम जनता की जान नहीं जाने देंगे। 74 से 78 पांच वार्ड के अलग-अलग क्षेत्रों की अलग-अलग समस्याओं का जिक्र किया गया, नई पाइप लाइन डालने, गंदा पानी, जल जमाव, अधूरी सड़क पूरी करो, सड़क चेम्बर का काम बंद क्यों है, स्ट्रीट लाइट बंद क्यो है, कचरा नहीं उठ रहा है। इस दौरान चिंटू चौकसे, दिनेश मल्हार, रवि डांगी, अजय कुमार झा, दिलीप सुरागे, रामचन्द्र वर्मा, पार्षद कुनाल सोलंकी सहित अन्य की मौजूदगी में 10 दिनों में समस्याओं का समाधान करने की चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस आन्दोलित होगी।



# किसानों की समस्या को लेकर पटेल के नेतृत्व में ज्ञापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय देपालपुर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। चारों ब्लॉक के कांग्रेसी मौजूद थे। नारेबाजी करते हुए मांग की गई कि बेसौम बरसात से हुए नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए, बीमा राशि दिलवाई जाए, बरलाई शुगर मिल में शेयर धारक किसानों को उनका हक दिया जाए। इस दौरान राधेश्याम पटेल, उमरावसिंह मौर्य, राजेश बड़वाया, मिथिलेश जोशी, सत्यनारायण शर्मा, मोहन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।



# भाजपाइयों की संगठन कार्य को लेकर बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 1 में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। आगामी संगठन कार्यों के अलावा अन्य विषय को लेकर चर्चा की गई। विजयवर्गीय और मिश्रा ने उद्बोधन भी दिए। अशोक चौहान, निरंजनसिंह चौहान, देवेन्द्र इणाणी, विजय बिंजवा, मंजू ठाकुर, गगन यादव, मलखानसिंह कुशवाह सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा नेता के स्वागत में उठी गुरु रविदास मंदिर की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकित धेप्ते मनोनीत होने पर उनके स्वागत का आयोजन विधानसभा 4 के बालदा कालोनी क्षेत्र में हुआ। स्वागत सत्कार पर धेप्ते को गुरु रविदास का चित्र भेंट किया गया और मांग की कि विधानसभा 4 में संत शिरोमणि गुरु रविदास का मंदिर बनवाया जाए। मौजूद अनुयायियों ने यह बताया कि 20 हजार अनुयायी गुरु रविदास के यहां रहते हैं और उनकी आस्था संत शिरोमणि में हैं। प्रमुख रूप से आशीष मौर्य, सनी सहरिया, तरुण धेप्ते, ऋषभ धेप्ते, सोनू अहिरवार, नितेश खांडेकर, लकी पिपलोदिया, अर्पित मौर्य, बालकृष्ण बड़ोदिया मौजूद थे।

# पूर्व पार्षद की वर्तमान पार्षद बेटी इन्दौर आई तो हुआ स्वागत



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा एक के वार्ड 13 की पार्षद रही चंदा-सुरेन्द्र वाजपेयी और भाजपा नेता सुरेन्द्र वाजपेयी की बेटी श्वेता-सुमित त्रिवेदी विगत दिनों महाराष्ट्र में हुए निकाय चुनाव में भारी भरकम वोटों से पार्षद का चुनाव ओरंगाबाद से जीती थी। चुनाव जीतने के बाद पहली बार मायके आई श्वेता त्रिवेदी का परिजनों के अलावा निकट के लोगों और रहवासियों ने भी स्वागत कर बधाई दी।










# कांग्रेसी पहुंचे भोपाल

## चौकसे की पोहा-कचोरी की दावत का पूरा उठाया कांग्रेसियों ने लुत्फ



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आज भोपाल में किसान सम्मेलन में आगमन के लिए इन्दौर से भी बडी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता भोपाल के लिए रवाना हुए। अरविन्द बागडी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी प्रदेशभर से आज भोपाल पहुंचे है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने अपने कार के काफिलों को इंदौर बायपास टोल के समीप पहुंचने के निर्देश कल से ही दे दिए थे और आज सुबह टोल के पहले कांग्रेसियों के लिए पोहा और कचोरी की दावत रखी थी, टोल पर कारों की कतारे लग गई थी और कांग्रेसी अपने वाहनों से उतरकर अध्यक्ष की कचोरी और पोहे का लुत्फ लेते रहे और सभी वाहनों को रवाना किया गया। 100 से अधिक कारों का दावा किया गया। इधर घायल जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने आज अपना जन्मदिन सुबह मनाने के साथ ही अपने संगठन दायित्व को भी निभाना शुरू किया और किसान महाचौपाल भोपाल के लिए अलग-अलग विधानसभाओं से वाहनों को रवाना करवाया। संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने बताया कि चारों विधानसभाओं की निर्धारित जगह से वाहन और कांग्रेसी भोपाल के लिए रवाना हुए। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव भी भोपाल के लिए रवाना हुए उनके साथ सुनील यादव, भीम राठौर, अजय शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नहीं पूछे घायलों के हाल

## इधर प्रदेश के मुखिया भाजपा नेत्री के हाल जानने पहुंच गए थे अस्पताल, कांग्रेसजनों में बनी चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शनिवार को गांधी भवन के बाहर भाजपा और कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं में भिड़ंत के बाद पथराव की स्थिति बनी थी उसमें कुछ कांग्रेस नेता और एक भाजपा नेत्री घायल हो गए थे। भाजपा नेत्री बिन्दु चौहान से मिलने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद अस्पताल स्वास्थ्य जानने पहुंच गए थे। इसी अस्पताल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े भी भर्ती रहे।**

उधर तीन अन्य कांग्रेसियों को भी चोंटे आई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने इन घायल कांग्रेसियों का हालचाल नहीं जाना और ना ही टेलीफोन भी लगाए। प्रदेश स्तर से लेकर शहर-जिला स्तर तक के प्रभारियों ने भी फोन नहीं लगाए। इस मुद्दे पर कांग्रेस के सोशल मीडिया पर जमकर लिखा जा रहा है कि जब कार्यकर्ताओं की जरूरत होती है तब उन्हें उपयोग में ले लिया जाता है, लेकिन जब कार्यकर्ता दिक्कत में आते हैं तब उनकी पूछ परख नहीं होती है। गांधी भवन में कार्यक्रम हो या धरना-प्रदर्शन हो सभी में वरिष्ठ नेता अपना मुखड़ा दिखाने पहुंच जाते हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे जरूर अस्पताल पहुंचे थे और घायलों के घर भी गए थे और फोन पर चर्चा भी की थी। कांग्रेसियों ने लिखा कि भाजपाई पत्थरों से कांग्रेसियों के सिर फूटे तो उनका स्वास्थ्य जानने बड़े कांग्रेसी नहीं आए, ना ही टेलीफोन किया। कांग्रेसियों ने यहां तक लिखा कि आज भोपाल ले जाने के लिए फोन आए हैं और भोपाल ले जाकर क्रेडिट भी बड़े नेता ले लेंगे, जबकि कार्यकर्ता ही भाजपा से लड़ रहा है और उसी को नजरअंदाज किया जा रहा है। शहर और जिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकारिणी में भी बड़े नेताओं की चल है वहां भी लड़ाकू कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और पत्थरबाजी मामले में बड़े नेताओं की चुप्पी रही, यहां तक बड़े नेताओं ने मीडिया में भी विरोध दर्ज नहीं कराया। कुछ कांग्रेसियों ने यह भी कहा कि बड़े नेताओं का भाजपा से समझौता रहता है इसलिए उन पर मुकदमा दर्ज नहीं होता है और बड़े नेता घायल भी नहीं होते हैं। दो दिन पहले पत्थरबाजी में कार्यकर्ताओं को चोंटे आई केवल एक बडे नेता जिलाध्यक्ष घायल होकर अस्पताल में भर्ती हुए थे।



# भाजपाइयों ने आंगनवाड़ियों के लिए कराया जनसहयोग

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 की आंगनवाड़ियों के लिए दैनिक सामग्री लगती है उसके लिए जनसहयोग भाजपा नेताओं ने कराया। वार्ड 49 के संविद नगर, विनोबा नगर की आंगनवाड़ी में जनसहयोग से विद्युतीकरण, टेबल-कुर्सी, लाइट पंखे का वितरण किया गया। शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि वितरण कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, तीरथपाल यादव, विश्वजीत चौहान, पवन भार्गव, हर्ष वर्मा, लता केथवास, ममता कर्मा, रीना सोनी, राकेश जैन, जितेश शर्मा मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष के जन्मदिन पर आज सुन्दरकाण्ड पाठ और प्रसादी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का आज जन्मदिन मनाया जा रहा है। आज सुबह से उनके निवास तुलसी नगर पर जिला कांग्रेस से जुड़े कांग्रेसी और आगर विधानसभा से जुड़े कांग्रेसी पहुंच रहे हैं और उनका स्वागत भी कर रहे हैं। आज शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक विपिन वानखेड़े के तुलसी नगर निवास पर सुन्दरकाण्ड का पाठ आयोजित किया है और पाठ के बाद प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।



## ट्रस्ट ने किया राठी का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सामाजिक और शिक्षा के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर नेताजी सुभाष मंच, श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सैनानी उत्तराधिकारी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पवन राठी का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, सज्जन वर्मा, मदन परमालिया, विनोद पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला करेंगे माहेश्वरी समाजजनों के साथ संवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला 27 फरवरी को इंदौर आ रहे हैं और उन्होंने माहेश्वरी समाज के संवाद आयोजन में कार्यक्रम की स्वीकृति दी है। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू, प्रचार सचिव अजय सारडा ने बताया कि महेश्वरम भवन, होटल रेडिसन के पीछे 27 फरवरी की दोपहर 1.15 बजे होने वाले कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के 9 ही क्षेत्र के अलावा अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्यों की मौजूदगी में संवाद का आयोजन होगा।

# इंदौरी शिवसैनिक बैठक में हुए शामिल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शिवसेना यूबीटी की संभागीय बैठक कल उज्जैन में आयोजित की गई। इंदौर से भी शिवसैनिक पदाधिकारी भी शामिल हुए उनमें प्रमुख रूप से धनराज दामके, मनीष शिंदे, परमजीतसिंह मेकेन, सुरेंद्र ठाकुर, राजेश मराठा, धर्मेंद्र जोशी, बंटी ठाकुर, राहुल, प्रियंका नामदेव उपस्थित रहे।



## बसपा ने आयोजित किया कैडर कैंप

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बहुजन समाज पार्टी ने आंबेडकर वाचनालय अंबेडकरनगर में कैडर कैंप का आयोजन किया। इसमें पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कमलेश दोहरे, ओमप्रकाश बारदी ने उद्बोधन भी दिए।

# निगम के राजस्व विभाग में पहली बार दो उपायुक्त बनाए गए

## मुख्यालय के सहायक राजस्व के पद पर भी दो अधिकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वित्तीय वर्ष में राजस्व की वसूली में बुरी तरह पीछे रहे नगर निगम के द्वारा अब नई व्यवस्था को आकार दिया जा रहा है। इसके तहत निगम के राजस्व विभाग में पहली बार दो उपायुक्त बनाए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यालय के सहायक राजस्व के पद पर भी दो अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

नगर निगम में जब दिलीप कुमार यादव आयुक्त के रूप में काम कर रहे थे तो उन्होंने लोक अदालत के एक दिन में 100 करोड़ रुपए की वसूली करवा कर कीर्तिमान रच दिया था। उस समय पर ऐसा लगने लगा था कि इंदौर नगर निगम इस वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड कर संग्रहण करेगा। समय की लीला है कि भागीरथपुरा के दूषित जल हादसे में कोई दोष नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार के द्वारा आयुक्त के पद से दिलीप कुमार यादव को हटा दिया गया। उनके स्थान पर क्षितिज सिंघल को भेजा गया।

सरकार ने जब से यह परिवर्तन किया है तब से इंदौर नगर निगम में राजस्व की वसूली का काम पूरी तरह से रुक गया है। हालात इतने खराब है कि नगर निगम के विभिन्न जोनल कार्यालय पर सहायक राजस्व अधिकारी बकाया कर की वसूली करने के लिए जाने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। इन अधिकारियों के द्वारा बहाने बाजी करते हुए कर संग्रहण नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में अब नगर निगम में एक नया प्रयोग किया गया है। इसके तहत राजस्व विभाग के उपायुक्त के पद पर दो अधिकारियों को पदस्थ कर दिया गया है। इस पद पर अभी तक काम कर रहे डॉ के.एस. सागर अपना काम करते रहेंगे उनके साथ ही पीसी जैन को भी उपायुक्त राजस्व बनाया गया है। इन दोनों अधिकारियों के बीच शहर के सभी जोनल कार्यालय आधे आधे बांट दिए गए हैं। निगम के द्वारा यह परिवर्तन ज्यादा राजस्व संग्रहित करने के लिए प्रयास करने के मकसद से किया गया है।

इसके साथ ही नगर निगम के मुख्यालय में अब दो सहायक राजस्व अधिकारी बना दिए गए हैं। अब तक हमेशा निगम मुख्यालय में एक ही सहायक राजस्व अधिकारी हुआ करता था। अभी इस पद पर अजीम खान काम कर रहे हैं। उनके साथ में मयूर पाटील को भी इसी पद पर पदस्थ कर दिया गया है। इन दोनों के बीच भी शहर के सभी 22 जोनल कार्यालय को बांट दिया गया है।

**दागी अधिकारी को सौपी बड़ी जिम्मेदारी-** इंदौर नगर निगम के आयुक्त के द्वारा जारी किए गए परिवर्तन के इस आदेश में निगम के रिकॉर्ड में दागी अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले अधिकारी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस आदेश के जारी होने के बाद राजस्व विभाग में जमकर हलचल मच गई है। हर कोई यह पूछ रहा है कि क्या नगर निगम के टैक्स के पैसे लेकर जेब में रख लेने वाले अधिकारियों को महत्वपूर्ण काम दिया जाएगा।







# महिला पुलिस ने किया पथराव, पुलिस ने की बलवा परेड और रस्साखेंच

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पुलिस ने जागरूकता को लेकर आज सुबह डीआरपी लाइन में बलवा परेड का आयोजन किया। इस मार्क ड्रील में पुलिस ने पथराव से बचने, घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने सहित अन्य कार्य किए। इस बलवा परेड में पुलिस ने रस्साखेंच में भी शिरकत की। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी पहुंचे थी। बड़ी संख्या में महिला पुलिस भी नजर आई, जो पत्थर फेंकते और उनसे बचने के गुर पुलिसकर्मी बताते रहे। रमजान पर्व चल रहा है और होली का पर्व समीप आ रहा है, इसी के मद्दे नजर यह आयोजन किया गया।

# कमल किशोर नागर के श्रीमुख से भागवत कथा होगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गोवर्धन गौशाला गोम्मटगिरि क्षेत्र परिसर में कदम के पेड़ के नीचे भागवत कथा का आयोजन 4 से 10 मार्च तक कमल किशोर नागर के श्रीमुख से मालवी भाषा में होगा। कथा के पूर्व भागवतजी की शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। महेन्द्र पटेल, यशवंत पटेल ने बताया कि इस आयोजन को लेकर भूमिपूजन और ध्वजा पूजन किया गया। ध्वज की स्थापना भी हुई। कल पूजन के दौरान सरदारसिंह सोलंकी, संतोष निमचा, विनोद सोलंकी, राधेश्याम पटेल, सुभाष पटेल, लखन पटेल, संतोष पटेल, श्रीराम पटेल, राधेश्याम पटेल, श्याम पटेल, दशरथ पटेल, विशाल चौकसे, बंटी मिश्रा मौजूद थे।

# गंगवाल बस स्टैंड से सिरपुर तालाब तक बनेगी 3 करोड़ की सड़क

## निगम ने किया प्रस्ताव मंजूर अब ठेकेदार की तलाश शुरू

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**इंदौर नगर निगम के द्वारा गंगवाल बस स्टैंड से लेकर सिरपुर तालाब तक सड़क का नवनिर्माण करने का फैसला लिया गया है। इस कार्य पर 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निगम ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर दिया है। अब इस कार्य के लिए ठेकेदार की तलाश शुरू कर दी गई है।**

धार रोड पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा सिरपुर तालाब के आगे से नेशनल हाईवे का निर्माण किया जा रहा है। इसके पहले की सड़क इंदौर नगर निगम की सीमा में आती है। ऐसे में इस सड़क का निर्माण नगर निगम को करना है। नगर निगम के द्वारा गंगवाल बस स्टैंड से लेकर सिरपुर तालाब तक की सड़क के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसे मंजूरी दे दी गई है। निगम के द्वारा बनाए गए प्रस्ताव के अनुसार इस कार्य पर 3 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इस कार्य को करने में 6 महीने का समय लगेगा यह समय वर्षा काल सहित रखा गया है।

नगर निगम के द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के साथ इस पर काम भी शुरू करने की पहल कर दी गई है। निगम की ओर से ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू करते हुए सड़क का निर्माण करने में रुचि रखने वाले फार्म कंस्ट्रक्शन कंपनी से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। इस सड़क के बन जाने से धार रोड पर लाबरिया भेरू चौराहा से लेकर इंदौर जिले की सीमा में आने वाली सड़क अच्छी और बेहतर हो जाएगी। इस सड़क पर यातायात का दबाव बहुत ज्यादा रहता है। ऐसे में इस सड़क पर पूरा ट्रैफिक सुगमता के साथ चल सकेगा।

### ब्रिज भी बनाया जाना है

नगर निगम के द्वारा इसी सड़क पर एक फ्लाईओवर ब्रिज भी प्रस्तावित किया गया है। यह पहला मौका है जब नगर निगम के द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण इंदौर शहर में किया जाएगा। अभी शहर में जितने फ्लाईओवर ब्रिज है वह सभी इंदौर विकास प्राधिकरण अथवा लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाए हुए हैं। अभी मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा भी रेलवे ओवरब्रिज और फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कई स्थानों पर किया जा रहा है।

### एरोड्रम रोड से भी जुड़ेगी सड़क

इस सड़क को एरोड्रम रोड से भी जोड़ने का फैसला हो चुका है। राज्य सरकार के द्वारा गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है। चंदननगर से कालानी नगर तक जाने वाली 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके लिए नगर निगम के द्वारा जल्द ही कार्रवाई शुरू की जा रही है। इस सड़क के निर्माण के लिए करीब 400 मकान तोड़ने का काम किया जाएगा।

# नसिया रोड पर सड़क खोदने का विरोध करते हुए बंद कर दी दुकानें

## सुबह से व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर किया निगम के विरुद्ध प्रदर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नगर निगम के द्वारा नसिया रोड पर ड्रेनेज लाइन डालने के लिए सड़क खोदने का फैसला लिया गया। इस फैसले के विरोध में क्षेत्र के व्यापारियों ने आज सुबह अपनी दुकान बंद कर दी। व्यापारी सड़क पर निकल कर आ गए और निगम की कार्रवाई का विरोध करने लगे।

सरवटे बस स्टैंड के पास के क्षेत्र में स्थित नसिया रोड की सड़क बहुत अच्छी हालत में है। इस सड़क में कहीं भी ना तो बड़े गड्ढे हैं और ना ही कोई और समस्या है। यहां से यातायात भी सुगमता के साथ निकल जाता है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा ड्रेनेज की लाइन डालने के लिए सड़क खोदने का फैसला लिया गया। कल निगम के द्वारा अधिकृत किया गया ठेकेदार खुदाई करने के लिए पहुंचा तो क्षेत्र के नागरिकों में रोष फैल गया।

इन नागरिकों के द्वारा नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया जाने लगा। इन नागरिकों का कहना था कि यदि निगम को ड्रेनेज की लाइन ही डालना थी तो सड़क का निर्माण होने से पहले ही डाल देना थी। अभी जब सड़क अच्छी स्थिति में है तब नगर निगम ड्रेनेज की लाइन डालकर इस सड़क की हालत को खराब करने में लगा हुआ है। ड्रेनेज की लाइन डालने वाले ठेकेदार के द्वारा सड़क को खोद कर लाइन डालने का काम तो कर लिया जाता है लेकिन बाद में सड़क को बेहतर बनाने का काम बराबर नहीं किया जाता है।

निगम के द्वारा उक्त लाइन डाले जाने के फैसले का विरोध करते हुए आज सुबह से क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी दुकानों पर ताले लगाकर रखे। इन व्यापारियों ने अपनी दुकान नहीं खोली। इन व्यापारियों ने निगम के द्वारा लिए गए फैसले का सड़क पर निकाल कर विरोध किया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया था। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारी और इस काम का ठेका लेने वाला ठेकेदार भी वहीं आसपास घूमते हुए नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि एक तरफ तो निगम खराब हो चुकी सड़कों को अच्छा बना नहीं पता है। वहीं दूसरी तरफ निगम अच्छी सड़कों को खराब करने का काम प्रमुखता के साथ करता है।

### पूरे शहर में होना है ऐसा

जिस तरह निगम के द्वारा अभी रसिया रोड की सड़क खोदने का काम ड्रेनेज लाइन डालने के लिए किया जाने वाला है वैसा ही काम पूरे शहर में किया जाना है। नगर निगम के द्वारा अमृत योजना 2.0 के पैकेज दो तीन और चार के टेंडर मंजूर कर दिए गए हैं। इसके परिणाम स्वरूप पूरे शहर में पानी और ड्रेनेज की नई लाइन डालने का काम किया जाएगा। इस काम के लिए पूरे शहर की खुदाई अगले 3 साल तक की जाएगी।



# किन्नरों के नेग की दर प्रशासन तय करे

## प्रदेश सरकार किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन करे -मां पवित्रानंद गिरि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर मां पवित्रानंद गिरि ने कहा है कि जिला प्रशासन को चाहिए कि वह किन्नरों के द्वारा लिए जाने वाले नेक की दर निश्चित कर दें। मध्य प्रदेश में किन्नरों के कल्याण के लिए राज्य सरकार को किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन करना चाहिए।**

यहां इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किन्नर समाज के उत्थान के लिए बहुत सारे काम किए जा रहे हैं। समाज के लोगों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही उनका उपचार कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इंदौर में विभिन्न क्षेत्रों में त्योहार के मौके अथवा विवाह, बच्चों के जन्म जैसे मौके पर नेग मांगने के लिए जाने वाले किन्नर और नागरिकों के बीच होने वाले विवाद की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन को नेग की दर तय कर देना चाहिए। नागरिकों को भी चाहिए कि वे अपनी सुविधा के अनुसार राशि किन्नर जनों को देकर अपनी खुशी में शामिल करें।

इंदौर में किन्नर समाज के दो समूह के बीच हुए विवाद की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह का विवाद केवल इंदौर में ही नहीं हो रहा है बल्कि देश के कई शहरों में हो रहा है। मुगल काल के दौरान किन्नर समाज में भी जो मुस्लिम गादियां बनी है, वे भी अपना कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा एनजीओ बनाकर किन्नर समाज की समस्याओं का समाधान करने का काम किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्यों के द्वारा किन्नर समाज के लिए किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया गया है। मध्य प्रदेश में इस बोर्ड का अभी तक गठन नहीं हुआ है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा की नई पीढ़ी में जो किन्नर आ रहे हैं वह ताली बजाकर घूम कर पैसा एकत्र करने में रुचि नहीं रखते हैं। वे तो नौकरी और काम धंधा करना चाहते हैं। ऐसे में हमें समाज के हालात में बदलाव लाने के लिए पहल करना होगी।

# अप्रैल माह से चालू हो जाएगी रेवती रेंज पहाड़ी पर ट्रीटेड वॉटर सप्लाई

*नगर निगम 15 लाख पौधों को सीवरेज वॉटर को ट्रीट कर इस गर्मियों में सींचेगा*

## 10 करोड़ की लागत से डाली जा रही लाइन, अरविंदो तक काम हुआ पूरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम सीवरेज वॉटर को ट्रीटकर इंदौर में हरियाली बढ़ाने का काम कर रहा है, साल 2018 से इस क्षेत्र में नगर निगम एतिहासिक काम रहा है, क्योंकि नगर निगम ने इसी साल से सीवरेज वॉटर के रियूज की शुरूआत की थी। इसके लिए पहली बार इंदौर के मेघदूत पार्क में 4 एमएलडी ट्रीटेड पानी की क्षमता वाली टंकी बनाई गई थी। साथ ही कबीटखेड़ी से मेघदूत पार्क तक ट्रीटेड वॉटर सप्लाई लाइन डाली गई। जिससे 50 पार्क के 60 हजार पौधों को जीवित रखने के लिए ट्रीटेड पानी उपयोग किया। इसी क्रम में इंदौर नगर निगम ने बड़ा कदम उठाते हुए रेवती रेंज पर लगे 15 लाख से अधिक पौधों को सीवरेज के ट्रीटेड वॉटर से जीवित रखने का प्रयास किया गया।

### 8 माह पूर्व शुरू हुआ था लाइन डालने काम

नगर निगम जनकार्य समिति प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि कबीटखेड़ी से रेवती रेंज तक 8 किलोमीटर लाइनें डालने काम 8 माह पहले शुरू किया था। अब तक सीवरेज ट्रीटेड वॉटर की लाइन अरविंदो अस्पताल तक बिछाने का काम पूरा हो चुका है। हमारा प्रयास है कि मार्च 2026 तक लाइन डालने का काम पूरा हो जाए। अप्रैल माह में इस लाइन से रेवती रेंज तक ट्रीटेड वॉटर सप्लाई शुरू हो जाएगी। रेवती रेंज में नीचे पानी स्टोर करने के लिए टेंक बनाया गया है। यहां पानी स्टोर करने के बाद पहाड़ी पर पम्प कर पहुंचाया जाएगा।

### पौधों कमी पूरी करने के लिए नर्सरी बनाई

जनकार्य समिति प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि नगर निगम ने रेवती रेंज पर बीते दो सालों में कुल 15 लाख पौधे अब तक लगाए जा चुके है, यह क्रम निरंतर चल रहा है। यहीं कारण है कि पौधो के लिए पानी और खाद-बीज हेतु व्यवस्था रेंवती रेंज पर विकसित की जा रही है। यहां नर्सरी भी बनाई जा रही है। ताकि अलग-अलग प्रजाति के वानकी, फूल, फलदार पौधे विकसित किए जाए। राठौर ने बताया कि नगर निगम रेवती रेंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगा।

### रेवती रेंज में पत्थर पर उगाएं पौधे

रेवती रेंज पर को सिटी फारेस्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है, यहां पेड़ अब बड़े हो गए, इस स्थान को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। यहां प्राकृतिक झोपड़ियां, बैठक व्यवस्था और एक तालाब विकसित किया गया है। रेवती रेंज में अनुमानित आकड़ों के अनुसार दो लाख फूल वाले पौधे, 5 लाख वानकी पौधे, 3 लाख फलदार पौधे और 5 लाख पौधे मिक्स प्रजाति वाले लगाएं गए है, जो पेड़ का आकार ले रहे है।

गर्मियों के दिनों में रेवती रेंज की पहाड़ी पर इस साल पानी के टैंकर नहीं लगाने पड़ेंगे, अप्रैल माह में सीवरेज ट्रीटेड वॉटर सप्लाय यहां शुरू कर दी जाएगी।

**-राजेन्द्र राठौर, जलकार्य समिति प्रभारी**

इंदौर देश का पहला शहर है जो इंदौर की हरियाली को बनाए रखने लिए सीवरेज के ट्रीटेड वॉटर का उपयोग कर रहा है, यह अपने आप में एक प्रेरणा है कि अनुउपयोगी पानी का पुनः उपयोग हरियाली बनाए रखने के लिए किया जा रहा है।

**-पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

# श्रीकृष्ण भक्तों को इस साल जन्माष्टमी पर मिलने वाली है शहर में एक और नवीन इस्कान मंदिर की सौगात

## पुराने मंदिर के पास सफेद मार्बल से बन रहा है दूसरा इस्कॉन मंदिर, 70 फ़ीसदी से ज्यादा हो चुका है मंदिर निर्माण का कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देश - विदेश के लाखों श्रीकृष्ण भक्तों को अगले छह माह में बेहद जल्द इस बार आने वाली श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (जन्माष्टमी) से पहले दूसरे नए इस्कॉन मंदिर की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत वर्तमान में पुराने मंदिर के पास राजस्थान के व्हाइट मार्बल और ब्लैक पत्थरों से बन रहे हैं नए मंदिर का काम तेजी के साथ चल रहा है। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि वर्तमान में नवीन इस्कॉन मंदिर निर्माण के तहत पहले चरण का काम लगभग 70 फ़ीसदी के आसपास पूरा हो चुका है।

### पहले चरण का ज्यादातर काम पूरा, अब दूसरे चरण का शुरू होगा काम

वहीं अब सेकंड फेज में दूसरे चरण का काम भी बेहद जल्द शुरू करने की तैयारी है। जिसके तहत नए मंदिर निर्माण में साहित्य भवन, एक बड़ा प्रवचन हॉल, भव्य प्रसादम हॉल, संतों के लिए आश्रम, आधुनिक गेस्ट हाउस, गोविंदा रेस्टोरेंट और प्रसानिक कार्यालय सहित बाहर से आने वाले भक्तों के लिए अन्य सुविधाएं देने की दिशा में काम शुरू करने की प्लानिंग है। खास बात है कि यह निर्माण वर्तमान इस्कॉन मंदिर के ठीक पास ही में करोड़ों की लागत से बन रहें नए मंदिर में हो रहा है। जिसकी सौगात भक्तों को इसी साल अगले छह माह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आसपास मिल सकती है।

नवीन मंदिर की खासियतः इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी एवं अध्यक्ष महामनदास बताते है नवीन इस्कॉन मंदिर के निर्माण की खासियत यह है कि यह मंदिर लगभग एक लाख स्क्वेयर फीट से अधिक लंबी-चौड़ी जगह में राजस्थान के सफेद मार्बल और काले पत्थरों से बनाया जा रहा है। वहीं इस भव्य मंदिर का निर्माण देश-विदेश के कृष्ण भक्तों के साथ मुख्य रूप से शहर के प्रमुख दानदाताओं और मंदिर प्रबंधन के सहयोग से भव्य रूप में करोड़ो रुपए की लागत से पिछले कई सालों से किया जा रहा है। हालांकि वर्तमान में इसका करीब 70 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं इस भव्य मंदिर की अनुमानित लागत करीब 15 करोड़ के आसपास बताई जा रही है।

### उज्जैन-ओंकारेश्वर दो प्रमुख ज्योतिर्लिंग के बीच आध्यात्मिक केंद्र होगा

मुख्य मंदिर की बाहरी डिजाइन कमल के फूल के आकार की तरह बनाई जा रही है। साथ ही यहां लगभग पांच हजार से अधिक भक्तों की एक साथ दर्शन करने की व्यवस्था भी रहेंगी। महामनदास के मुताबिक नए मंदिर का निर्माण शहर में बढ़ते इस्कान अनुयायियों और दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। साथ ही उज्जैन और ओंकारेश्वर दोनों प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों के बीच स्थित होने से आने वाले सिंहस्थ में यात्रियों के लिए प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। जिसका वर्तमान में पहले से और ज्यादा तेजी से काम चल रहा है।



## बिजासन रोड पर खड़े वाहनों के चालान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुलिस लगातार रोड पर यातायात बाधा पैदा करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कडी में कल बिजासन रोड के रामचंद्र नगर से कालानी नगर तक रोड पर खडे वाहन जिनमें कार, दोपहिया वाहन बाधा पैदा कर रहे थे उनके चालान यातायात पुलिस ने बनाए। इस मामले में पीयूष वाजपेयी ने यातायात सुधार के इस कार्य को अच्छा बताया और आम लोगों से भी अपील की है कि अपने घर और कार्यालय के बाहर जगह खाली रखे।



# माहेश्वरी डिडवाना महिला मंडल का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'श्री माहेश्वरी डिडवाना महिला मंडल 140 घर थोक' द्वारा थोक के 125 वें गौरव महोत्सव के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया। माहेश्वरी मातृशक्तियों ने फूलों से होली खेली, कीर्तन पर नृत्य भी किए। आशा सिंगी, ज्योति मुछाल, नीना मानधन्या, बबीता मूंदडा ने अपनी भूमिका इस आयोजन में निभाई।

# जैन सोशल ग्रुप सखी की मीटिंग



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जैन सोशल ग्रुप सखी की मीटिंग होली थीम पर की गई। मंगलाचरण, प्रतियोगी गैम, तम्बोला का आयोजन किया। राधाकृष्ण की प्रस्तुति दी गई। सपना बांठिया, सपना छाजेड, सुनंदा बोड़ाना, अनिता गुगलिया, शेफाली मेहता, पूजा जैन, प्रीति जैन, रश्मि जैन, नूरी जैन, रीना पंकज छाजेड, प्रकृति सुराणा, प्रियंका भंडारी, प्रभा दलाल, बबिता जैन, इंदु जैन, कल्पना बाबेल, सविता पोरवाल, गीता भंसाली, सारिका मेहता, वंदना जैन, रीना पाटिल, पूजा जैन, सपना सकलेचा मौजूद थी।



# नरहरि महाराज की पुण्यतिथि पर पालकी यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अहीर सुवर्णकार समाज द्वारा सोनारवाड़ा जेलरोड में आराध्य संत शिरोमणि श्री नरहरि महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय आयोजन किया गया। पालकी यात्रा भी निकाली गई। उसके पहले पूजन, अभिषेक, पादुका पूजन का आयोजन भी किया गया। मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुति भी दी। कीर्तन पर नृत्य भी किया गया, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विरल कमलेश वडनेरे, अवंतिका वडनेरे, दीपक पैठकर, सुनंदा दुसाने, नीता चौधरी, मेघा विसपुते, शरद विसपुते मौजूद थे।

# 101 भक्तों ने गुंजाई 'माऊली' की वाणी

## श्री ज्ञानेश्वरी का सामूहिक पारणे



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माझी माऊली समूह' द्वारा श्री समर्थमठ संस्थान, पंतवैद्य कॉलोनी, में श्रीज्ञानेश्वरी पारणे का आयोजन किया। इसमें 101 भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीज्ञानेश्वरी धार्मिक ग्रंथ का वाचन कर पारणे उत्सव मनाया। समूह के ललित नम्र एवं डॉ. मोनिका कर्डिले ने बताया कि श्रीज्ञानेश्वरी, संत ज्ञानेश्वर द्वारा रचित यह ग्रंथ भगवद्गीता की अत्यंत सरल, भावपूर्ण और लोकभाषा में की गई व्याख्या है। महाराष्ट्र में इसे श्रद्धा से प्रत्येक घर में पढ़ा जाता है और यह आध्यात्मिक जीवन का आधार माना जाता है। डॉ. बाबासाहेब तराणेकर, जयंत भिसे, स्वामी निर्विकारानंद, चंद्रकांत कुंजीर, मिलिंद दिघे सहित अन्य मौजूद थे।



# संत से विहार के पहले लिया आशीर्वाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मुनि विध्रुव सागरजी म.सा का मंगल विहार गांधीनगर से सोनागिरी के लिए हुआ। मुनि का चातुर्मास गांधीनगर में संपन्न हुआ था। इसके बाद उन्होंने शहर के विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए। विहार से पहले मुनिश्री से जैन समाजजनो ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विमल छाबड़ा,इंद्रकुमार वीणा सेठी, प्रणय बाकलीवाल, जितेंद्र राठौड, रितेश बगैरवाल, शैलेश काला, श्वेता काला, शीला डोसी, योगेश चेलावत, अंशुल जैन उपस्थित थे।



# गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संत गाडगे महाराज की प्रतिमा एमआर-9, रोबोट चौराहा पर रजत समाजजन पहुंचे। संत की जयंती पर प्रतिमा पर अभिषेक के बाद माल्यार्पण किया गया। कैलाश कनोजिया, शिवनारायण कोदिया, देवीलाल लश्करी, यशवंत लश्करी, रूबल लश्करी, राजेश लश्करी, संजय मालवीय, सुरेश बंजारिया, केवलराम मालवीय, संदीप लश्करी, हेमंत बुन्देला, धर्मराज लश्करी, अखिलेश निक्की राय, हेमंत बुंदेला, नवीन वर्मा, प्रकाश सिगोंडिया, बंसीलाल चौरसिया, उमा लश्करी, संगीता लश्करी, ममता बाथम, टीना सोलंकी मौजूद थे।

# जैन फेडरेशन की कौसिल सभा आयोजित



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन की सेंट्रल जनरल कौंसिल सभा का आयोजन महावीर बाग पर किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय छाजेड ने सफल राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए साधुवाद देते हुए दो वर्ष के कार्यकाल का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया और यह भी बताया कि पूरे वर्ष शिविर, अंगदान, नेत्र दान, रक्त दान, पर्यावरण मानव सेवा के कार्य होते रहेंगे। मिडिया प्रभारी सुधीर सेठिया ने बताया कि वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी और अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने के लिए मनीष सुराणा और पूर्व अध्यक्ष विमल नाहर, किशोर पोरवाल, विजय ललवानी के नेतृत्व मे चयन समिति का गठन किया। शिखर बाफना, नीलेश पोखरना, अनिल नाहर, मनोहर लोढा, संतोष जैन ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# कोलकाता के भजन गायक ने श्याम बाबा के भक्तों को कराया नृत्य





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर श्री श्याम मंडल की मेजबानी में खाटू श्याम बाबा के भक्तों की मौजूदगी में कोलकाता के भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी ने एक के बाद एक बाबा के कीर्तन की प्रस्तुति दी। खाटू श्याम बाबा के भक्तों को धार्मिक रूप से थिरकने पर मजबूर किया। ज्योत जलाई, छप्पन भोग लगाए, ढप चंग का उपयोग भी हुआ। बाबूलाल अग्रवाल, जयप्रकाश इंदौरिया, आशीष शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, नेहा कानूनगो, गौरीशंकर शर्मा, राजेश, राकेश, राजा इंदौरिया, मनोज चितलांगिया, कृष्ण कन्हैया इंदौरिया, विक्की शर्मा एवं रवि भौमिया मौजूद थे। दिनेश मित्तल, किशोर गोयल, अरविन्द बागडी, रामकुमार अग्रवाल, शिवप्रसाद अग्रवाल, राधेश्याम गुरुजी, वासु टिबडेवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अन्य विशेष रूप से मौजूद थे।





# माताजी के सामने महिलाओं ने गाए फाग गीत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री श्री विजयेश्वरी धाम पर महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव और भजन संध्या का आयोजन किया गया। माताजी के समक्ष कीर्तन पर मातृशक्तियों ने धार्मिक रूप से नृत्य भी किया।



# रामद्वारा में मातृशक्तियों की फाग गीत भक्ति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रामद्वारा छत्रीबाग में स्वरुपाबाई भक्त मंडल द्वारा फाग महोत्सव मनाया गया एवं फूलों की होली खेली गई। फाग गीतों और कीर्तन पर नृत्य भी किया गया। सुनीता, किरण अग्रवाल, अंजु चौहान, हर्षिता पोरवाल, कविता, वीणा सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

# पंजाब अरोड़वंशीय ट्रस्ट ने करवाया रक्तदान शिविर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री पंजाब अरोड़वंशीय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में कल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बड़ी संख्या में रक्त दिया गया। उक्त जानकारी संजय अरोड़ा ने दी।



# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों का दंत और नेत्र परीक्षण

**लीनेस क्लब तेजस्विनी ने कराया आयोजन**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं.71 के विद्यार्थियों के लिए लीनेस क्लब तेजस्विनी द्वारा दंत एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की आंखों और दांतों की जांच के दौरान चिकित्सक ने आवश्यक परामर्श भी दिया। लीनेस क्लब तेजस्विनी की



अध्यक्ष इति जैन ने बताया कि शैल्बी हॉस्पिटल से डॉ. कुणाल गुप्ता, विपिन मेहरा, वर्षा पटेल, रमाकांत चौरसिया, नीलेश घोड़ेला ने दांत एवं मुंह की जांच कर सहयोग किया। वहीं आंखों की जांच सेन्टर फार साइट के पलक चौहान, कशिश चौहान, मोहित जैन ने सहयोग किया। विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। विद्यार्थियों को टीप दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इति जैन, सुशीला मूंगड़, रमाकांता सोनी, प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर मौजूद थे।

# मध्यांचल मंडल की पहली बैठक में शपथ ग्रहण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मध्यांचल मंडल की प्रथम बैठक शपथ ग्रहण समारोह होटल में मंडल के अध्यक्ष विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। लगभग 12 शाखा सभाओं के अध्यक्ष, सचिव, कार्य समिति सदस्य और मंडल के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए प्रत्येक शाखा सभा ने अपनी प्रगति रिपोर्ट एवं अपने विचारों से सभा को संबोधित किया। अवंतिका सभा उज्जैन के मनीष गुप्ता बछरवार, संदीप गुप्ता भोपाल, शहरी क्षेत्र शाखा सभा इंदौर से मुनेश गुप्ता, पुराना भोपाल के राजेंद्र गुप्ता, होशंगाबाद के



मनीष गुप्ता, अरुण गुप्ता, मुरैना के श्रीराम कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता अध्यक्ष मुरैना शाखा सभा आदि ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आरसी गुप्ता न्यू भोपाल ने किया। आभार प्रकट किया मंत्री नवीन गुप्ता इंजीनियर ने मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर रविंद्र गुप्ता, गोविंद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नवीन गुप्ता, मुनेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, अभयकांत गुप्ता, उमेश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, मुकेश गुप्ता, लोकेश गुप्ता एवं अन्य गणमान्य समाज बंधु उपस्थित हुए। इस अवसर पर समाजसेवी विष्णुदत्त गुप्ता का सेवा भाव पर सम्मान किया गया। अंत में सभी ने सहभोज का आनंद लिया।



# कलमेर में मनाया वार्षिकोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कलमेर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुनि सिद्धांत सागर म.सा. को श्रीफल भी श्रद्धालुओं ने भेंट किया। जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, सुरेश काला, पवन जैन, विनय बाकलीवाल, कमल रावका, महेंद्र जैन निगोत्या, दिलीप लुहाडिया, विजय कासलीवाल, राजेश कानूनगो, जय गोधा सहित अन्य मौजूद थे।



# दयानन्द सरस्वती के जन्मदिन पर शोभायात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महर्षि दयानन्द सरस्वती के जन्मोत्सव पर आर्य समाज संचार नगर एवं गुरु वीरजानन्द वैदिक गुरुकुल के संयुक्त तत्वावधान में शोभायात्रा संचार नगर कनाड़िया रोड पर निकाली। गुरुकुल के ब्रह्मचार्यों के द्वारा लाठी, भाला, तलवार का प्रदर्शन किया। स्तूप एवं आग के गोले से निकलना सहित रोमांचक प्रदर्शन भी किया। इस शोभयात्रा में भजन, भाषण, गीत भी सुनाए गए। कार्यक्रम के बाद ऋषि भंडारा भी आयोजित हुआ। पार्षद प्रणव मंडल, आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार, मनोज सोनी, दिनेश यादव, मुकेश आर्या, कुशलव आर्य, दिनेश श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, महेश सोनी, अरविंद निगम, नितिन वाघ, राकेश चौरसिया, आरके शर्मा, सुनील देवड़ा, शैलेष शर्मा, प्रेम वर्मा, शेखर ठाकुर, दिग्विजय सिंह चौहान, प्रवेश देवड़ा, दीपक चौहान, राकेश शास्त्री, अशोक शास्त्री, दिनेश जैन, नवीन गड़ेकर, संजय शर्मा, मनीष शर्मा, ओपी शर्मा, हिमांशु सिंघल, रमेश पाटीदार, आरएन गुर्जर, संजय काग, दिनेश शर्मा, रानी गौड़, अनुराधा कछावा, आशा देशमुख, गायत्री सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।



# जनविकास सोसाइटी की रजत जयंती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जनविकास सोसाइटी की स्थापना के 25 वर्ष पर रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया। समीर बरवा, सिनोज जोसेफ, फादर एंसेल्मो रिबेरो, बिसप दुराईराज, बिशप लियो, बिशप थॉमस मैथ्यू, बिशप चाको, ग्रेस ओएल, फादर मारिया पॉल, फादर जॉर्ज पायट्टिकाट मौजूद थे।

# नेत्र शिविर में 160 लोगों ने लिया लाभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटिजन,चोईथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी केन्द्र मालवीय नगर, में नेत्र शिविर में 160 मरीजों ने लाभ लिया 19 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे। जरूरतमंदों को 83 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।



# राधा महिला मंडल ने किया कीर्तन का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री गुलरेश्वर महादेव मंदिर में राधा महिला मंडल द्वारा आयोजित 'फाग उत्सव' मनाया गया। फाग गीतों पर नृत्य किया गया। मानसी विद्यालंकर, राजकांता जाखेटिया, किरण राठोड़, आशा मंत्री, सरिता राठौर, प्रमिला तोतला, विधा जाखेटिया, पुष्पा राठौर, सपना भदोरिया, रचना तोमर, कृष्णा त्रिवेदी सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।



# चंद्रप्रभु भगवान को अर्पण किए निर्वाण लाड्डू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चंद्रप्रभु जिनालय मल्हारगंज मे श्री चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक पर अभिषेक, शांतिधारा, निर्वाण लड्डू चढा कर चंद्रप्रभु विधान किया। नीलेश सेठी, डाली झांझरी, सुधीर जैन, राजेश जैन, राजू अलबेला, रमेश जैन, नीलेश जैन, संजय जैन, सौरभ जैन, मंगला जैन, रानी जैन, डॉ. प्रकाशचंद्र जैन, अमित जैन मौजूद थे।

# रिदम बैंड का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वीणा म्यूजिकल ग्रुप ने इंटरनेशनल रिदम बैंड का सम्मान किया। प्रकाश गुप्ता, हेमंत अग्रवाल, जगदीश धनोतिया, रामदयाल पोरवाल, मनोहरसिंह चौहान, चंद्रशेखर पोरवाल, गोविंद गुप्ता, मोहन अग्रवाल, रामदास गोयल, ओमप्रकाश गर्ग, राजेश गुड्डू मिश्रा, टोनी शुक्ला मौजूद थे।



# मासिक साहित्यिक गोष्ठी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान विकास केंद्र की मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। रचनाओं की प्रस्तुति हुई। डॉ. अनिल भंडारी, सत्यनारायण मंगल, सुरभि, डॉ. अजय डींगरा, अशोक द्विवेदी, अशोक गर्ग, डॉ. कृष्णा जोशी, सुधीर लोखंडे, डॉ. स्वाति सिंह, दिनेश जिंदल, राजेश तिवारी, अरविंद जोशी, प्रो अरुणा सराफ,अनिल ओझा, शोभारानी, नंद किशोर बर्वे, विपिन जैन, बालकराम साद, भीमसिंह पंवार, दिनेश वर्मा, डॉ. इंदु जैन ने अपनी भूमिका निभाई।



# भाजयुमो प्रदेश महामंत्री की दौड़ में निष्क्रिय जिलाध्यक्ष जय सूर्या

## जिले के बाद अब प्रदेश मे भाजयुमो को करेंगे खोखला

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के धार जिलाध्यक्ष जय सूर्या को लेकर राजनीतिक गलियारों में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री के नाम पर चर्चाएं जोरों पर चल रही है। जय सूर्या का नाम भाजयुमो प्रदेश महामंत्री पद के लिए प्रबल दावेदारों में शामिल बताया जा रहा है, भारतीय जनता युवा मोर्चा के धार जिलाध्यक्ष जय सूर्या जो वैसे तो विगत पंद्रह महीने से भी अधिक समय से भाजपा ओर भाजयुमो की सक्रिय राजनीति से गायब चल रहे है या कहे कि कोप भवन मे जाकर आराम फरमा रहे है। जय सूर्या जो धार भाजयुमो के सबसे निष्क्रिय जिलाध्यक्ष माने जाते है, जिन्होंने भाजपा के संविधान और नियम को ताक पर रखे हुए है,वही चर्चा है निष्क्रिय जिलाध्यक्ष जय सूर्या के उच्च स्तरीय राजनीतिक संबंध इस दौड़ में उन्हें आगे बनाए हुए है, यदि ऐसे निष्क्रिय और भाजपा के संविधान को ना मानने वाले नेता को इतनी बड़ी जवाबदारी देना भाजयुमो के आम कार्यकर्ताओ के साथ अन्याय होना प्रतीत होता है, वैसे भी धार जिले के सांघठनिक स्तर पर अधिकांश वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं और स्थानीय चर्चाओं में उन्हें निष्क्रिय कहा जा रहा है, साथ ही विवादास्पद छवि के लिए पहचाने जाने वाले जय सूर्या अपने विवादास्पद बयानों के कारण भी चर्चा में रहे हैं,विशेषकर वह मामला जब उन्होंने कार्यकर्ताओं से थाना फोड़ने जैसी बात कही थी। बात



करे भाजपा की रीढ़ की हड्डी की तो, धार के संदर्भ मे भाजपा की यह रीढ़ अब टूट सी गई है। धार भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जय सूर्या जो पिछले पंद्रह माह से सक्रिय राजनीति से गायब चल रहे है। सक्रिय तो ठीक उक्त जिलाध्यक्ष सोशल प्लेटफार्म से भी पार्टी के प्रचार-प्रसार और समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों से भी दूरी बनाए हुए है, जिससे भाजयुमो के आम कार्यकर्ताओ से नेताओं और पदाधिकारियों मे असंतोष पनपने लग गया है, हालांकि उक्त मामले की जानकारी तमाम जिले के भाजपा के नेताओं को है लेकिन जय सूर्या के संगठन मे बैठे उच्च नेताओं से अच्छे संबंध होने की वजह से अधिकांश नेता चुप्पी धारण किए बैठे हुए है, सूत्रों की माने तो जय सूर्या को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का वरदहस्त प्राप्त है जिसके चलते कोई भी नेता बोलने का साहस नहीं दिखा पर रहा है वही जय सूर्या पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के हस्तक्षेप के चलते ही धार भाजयुमो के जिलाध्यक्ष पद पर काबिज हो पाए थे, साथ ही धार भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी के भी जय सूर्या अच्छे संबंध है, विश्वसनीय सूत्र बताते है की इन्ही मनोज सोमानी के दोबारा नहीं बन पाने के कारण जय सूर्या ने भारतीय जनता युवा मोर्चा को लावारिस हालात मे छोड़ कर गायब चल रहे है। सूत्र यहां तक बताते है की, उक्त जय सूर्या ने भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती की जिलाध्यक्ष पद की घोषणा के बाद बधाई या शुभकामनायें प्रेषित करते किसी भी प्रकार के सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट भी नहीं डाली थी, जिससे जय सूर्या की भाजपा के निष्ठा का अनुमान लगाया जा सकता है। अब देखना है की भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर निष्क्रिय जिलाध्यक्ष जय सूर्या को कार्यकारिणी मे शामिल न करके प्रदेशभर के भाजयुमो कार्यकर्ताओ को अच्छा संदेश देता है या निष्क्रिय जिलाध्यक्ष जय सूर्या को स्थान देकर भाजयुमो के आम कार्यकर्ताओ और सक्रिय नेताओं का मनोबल गिराते है।

# आईटी पार्क फ्लाईओवर निर्माण में दोनों ओर की बनने लगी सर्विस रोड



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** आईटी पार्क फ्लाईओवर के निर्माण कार्य ने अब पहले से ज्यादा रफ्तार पकड़ ली है। जिसके तहत फ्लाईओवर निर्माण कार्य के तहत तीन इमली और पिपलिया राव की ओर दोनों साइड सर्विस रोड का काम तेजी के साथ चलने लगा है। वही बड़ी बात यह है कि आईटी पार्क चौराहे से राजीव गांधी चौराहे की ओर जाने वाले हिस्से में जहां सबसे ज्यादा जगह होने के कारण यहां ग्रीन बेल्ट के हिस्से के बाधक करीब 200 से ज्यादा पेड़ हटाने के बाद यहां और ज्यादा तेजी से काम चल रहा है। यही नहीं तीन इमली वाले हिस्से की ओर भी सर्विस रोड बनाने का काम शुरू हो गया है।

**ब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार से तय समय से छह माह देरी से बनने के आसार-** खास बात यह है कि आईटी पार्क चौराहे पर बन रहे हैं फ्लाईओवर निर्माण का काम अब तक बेहद धीमी रफ्तार से चलने के कारण तय समय सीमा 31 मार्च तक पूरा होने के बजाय कम से कम छह-सात माह देरी से अगस्त-सितंबर के आसपास पूरा होने के आसार है। क्योंकि अभी निर्माण संबंधित कई काम बाकी है, जिसमें समय लगेगा। वहीं जून से बारिश भी शुरू हो जाएगी। जिससे निर्माण कार्य में दिक्कतें होने लगेंगी।

**अफसरों का जून जुलाई तक प्रोजेक्ट पूरा करने का दावा-** जबकि ब्रिज निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों द्वारा जून-जुलाई तक हर हाल में प्रोजेक्ट पूरा करने का दावा किया जा रहा है,लेकिन हकीकत यह है कि अभी ब्रिज की मजबूती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी पिलर बनाने का काम ही धीमी रफ्तार से चल रहा है। हालांकि दोनों तरफ 18 से 20 पिलर बनाने का काम वर्तमान में चल रहा है जिसमें से आधे से ज्यादा पिलर बन भी चुकें है। फिर भी काम की रफ्तार देखकर लग रहा है कि अगले छह से सात माह पहले आईटी पार्क फ्लाई ओवर कंपलीट होने के आसार नहीं है। लोगों को अभी और परेशान होना पड़ेगा। जबकि सर्विस रोड़ का काम यहां अन्य जगह से ज्यादा तेजी से हो रहा है। गौरतलब है कि एमपी आरडीसी द्वारा शहर में चार जगह फ्लाईओवर निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसमें सबसे धीमी रफ्तार से कार्य आईटी पार्क चौराहे पर बन रहे ब्रिज का चल रहा है।

# 8.30 करोड़ लागत से बनी 5 मंजिला फूड लैब का पिछले साल अक्टूबर में हुआ लोकार्पण

**इंदौर।** पिछले साल सवा आठ करोड़ से ज्यादा लागत से बनी लसूडिया क्षेत्र के तलवाली चांदा में तीन माह पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा लोकार्पण कर शुरू की गई इन्दौर शहर की एक मात्र नवीन फूड लैब में अभी तक खाद्य पदार्थों के सेंपलों की जांच शुरू नहीं हो पाई है। जिसका सबसे बड़ा कारण है कि अभी तक इंदौर की एकमात्र फूड एंड ड्रग लैब को भारत सरकार द्वारा लैब प्रमाणन सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है, जिसके चक्कर में पिछले तीन माह से भी ज्यादा समय से त्यौहारों के समय एवं रूटीन में शहरभर से लिए जाने वाले नमूने की जांच का काम यहां अब तक शुरू नहीं हो पाया।

**एक से बढ़कर एक महंगी लगाई मशीनें-** करोड़ों की लागत से तैयार फूड लैब में प्रशासन ने यहां कई तरह के नमूनों की जांच के लिए एक से बढ़कर एक महंगी मशीनें लगाई है। यही नहीं इसके बावजूद अभी तक यहां खाद्य विभाग द्वार लिए गए सेंपलों की जांच शुरू नहीं हो पा रही है। वहीं खाद्य विभाग के अफसरों का कहना है कि लैब प्रमाणन के लिए अभी और दो से तीन माह का इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि इसकी प्रोसेस लंबी होती है।

**मिलावट खोरों पर नकेल और इंदौर लैब में जांच के लिए अभी और करना पड़ेगा इंतजार-** वहीं बड़ी बात यह है कि शहरभर में खाद्य विभाग द्वारा अभी भी खाद्य पदार्थों की जांच के बाद इकट्ठा किए जाने वाले नमूनों की जांच के लिए विभाग को अभी भी वही पुराना ढर्रा अपनाते हुए भोपाल में स्थित एक मात्र स्टेट लैब के भरोसे रहना पड़ रहा है। यही नहीं अफसरों द्वारा कहा जा रहा है कि अभी और अगले दो से तीन माह का समय केंद्र सरकार द्वारा जारी होने वाले फूड सेफ्टी लैब सार्टिफिकेट मिलने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि हम लगातार प्रयास कर रहें है जल्द से जल्द लैब प्रमाणन सर्टिफिकेट हमें मिल जाए।



**क्या होता फूड सेफ्टी सार्टिफिकेट, खाद्य सुरक्षा लैब प्रमाणन सर्टिफिकेट-** फूड सेफ्टी लैब सर्टिफिकेशन एक आधिकारिक दस्तावेज़ है, जो यह प्रमाणित करता है कि कोई खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय मानकों (जैसे- एफएसएसएआई, आईएसओ, एआईएचए) के अनुसार खाद्य नमूनों का सही और विश्वसनीय परीक्षण करने में सक्षम है। यह प्रमाणपत्र परीक्षणों की सटीकता और स्वच्छता सुनिश्चित करता है। खाद्य सुरक्षा लैब प्रमाणन की मुख्य बातें यह प्रमाणन पुष्टि करता है कि लैब सूक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और अवशेष का सटीक विश्लेषण कर सकती है।यह प्रमाणन खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर ग्राहकों, निर्माताओं और नियामकों का विश्वास बढ़ाता है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए अनिवार्य है।

**14 दिन की बजाय दो से तीन माह का लग रहा है रिपोर्ट आने में समय-** इधर इंदौर शहर में वर्तमान में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं फैक्ट्री से लिए जा रहे हैं सैंपल की शुद्धता की जांच के लिए भोपाल भेजे जाने वाले सैंपलों की जांच रिपोर्ट के लिए अफसर द्वारा निर्धारित समय सीमा 14 से 15 दिन की बजाय जांच रिपोर्ट दो से तीन माह में आ रही है। इसके लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि इंदौर में बनी करोड़ों रुपए की लागत की नवीन फूड लैब में जांच शुरू होने के बाद तय समय सीमा में रिपोर्ट जल्दी मिलने लगेंगी। जिससे प्रशासन मिलावटखोरों पर सख्त कार्यवाही कर नकेल भी लगा सकेगा।

# आदिवासी अंचल में होलिका दहन तक गूंजेगी ढोल मांदल की थाप

## आज से सात दोनों का आदिवासी भगोरिया की शुरुआत, आदिवासी संस्कृति का अनोखा पर्व हाट

**खरगौन (ललित खेड़े)।** भगोरिया पर्व लगभग 450 साल पुराना पारंपरिक प्रेम और संस्कृति का उत्सव है जो होली के सात दिन पहले मनाया जाता है, इसे राजा भोज के समय शुरू हुआ माना जाता हैं,यह फसल कटाई के अंत का प्रतीक है और इसमें आदिवासी युवक युवतियां अपने जीवन साथी का चुनाव कर मेलों में भाग लेते हैं। भगोरिया पर्व का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व उत्पत्ति- मान्यता है कि इसकी शुरुआत झाबुआ के भगोर नामक गांव से हुई थी, जिसे भृगु ऋषि की तपस्थली माना जाता है। कुछ लोग इसे भगोर (गांव नष्ट होना) से जोड़ते है वही यह भगवान शिव और पार्वती (भव गौरी) के नाम पर प्रचलित है,जहां प्रेम विवाह की परंपरा जुड़ी परंपरा-यह त्यौहार सात दिनों तक चलता है जिसमें पारंपरिक ढोल, मांदल के साथ आदिवासी नृत्य, संगीत और पान का आदान प्रदान प्रमुख हैं। उल्लास, उमंग और सांस्कृतिक पर्व भगोरिया- केवल बाजार नहीं बल्कि आदिवासी संस्कृति की जीवन प्रस्तुति है। त्योहारिया हाट से ही समाजजन पारंपरिक वेश भूषा, चांदी के आभूषण ढोल मांदल सजाने की सामग्री और बैलगाड़ियों व आधुनिक वाहनों को सजाने की खरीदी करते हैं। प्रवासियों की घर वापसी- भगोरिया हाट की आहट के साथ ही अन्य प्रदेशों में मजदुरी या सेवा में लगे लोग अपने गांव उत्साह पूर्वक भगोरिया हाट मनाने लौटने लगते है। इस हाट में प्रेम विवाह एवं जीवन साथी चुनने का उत्सव भी माना जाता है इसमें पारंपरिक गीतों ढोल मांदल के बीच हाट बाजार लगते है जहां युवा नाचते गाते हुए अपना जीवन साथी चुनते है जिन्हें युवक युवतियों को पान खिलाकर अपनी पसन्द जाहिर करते हैं यह उत्सव आदिवासियों की समृद्धि, सांस्कृतिक धरोवर का संगम है जो ढोल मांदल की थाप पर मनाया जाता हैं।

### प्रमुख भगोरिया हाट

24 फरवरी पीपलझोपा, मोहना,झिरनिया,
25 फरवरी धुलकोट,चैनपुर, धूपा बुजुर्ग, सिरवेल
26 फरवरी काबरी, बोरवाल, धसलगांव
27 फरवरी टांडा बरूड ,बोरी ,कोठा
28 फरवरी भगवानपुरा, हेलापड़ाव,आभापुरी
1 मार्च भाग्यपुर,पाडल्या, करनिया
2 मार्च, बिस्तान, चिरिया, भीकन गांव,पाल

## संपादकीय

## खंभे में जंग या सिस्टम में? राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत पर मानवाधिकार आयोग ने उठाए गंभीर सवाल

राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत पर मानवाधिकार आयोग सख्त हो गया है। सरकारी लापरवाही और अधूरी जांच रिपोर्ट पर सवाल उठे हैं। हरियाणा के रोहतक जिले में पिछले साल बास्केटबाल का खंबा गिरने से एक युवा राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत ने शासकीय लापरवाही और भ्रष्टाचार की कई परतें भी खोल दी थीं। तब इस मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने इसकी हर पहलू से जांच करने और जरूरत के मुताबिक सुधार के कदम उठाने की बात कही थी। घटना के बाद एक जांच समिति भी गठित की गई थी, मगर हालत यह है कि अब तक उस समिति की विस्तृत रपट नहीं पेश की गई।यही वजह है कि हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने खिलाड़ी की मौत पर चिंता जताते हुए इसे मानव अधिकारों का उल्लंघन बताया है। गौरतलब है कि रोहतक के उपायुक्त की ओर से जो रपट भेजी गई, उसमें घटना के वास्तविक कारणों और सुरक्षा मानकों का ठोस ब्योरा तक नहीं है। इसमें केवल बास्केटबाल स्टेडियम बनाने के लिए लाखों रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने का जिक्र है। आयोग ने इसे संज्ञान में लिया है और अब पूरे मामले पर सरकार से रपट मांगी है। यह दुखद है कि खेलों के लिए पर्याप्त राशि खर्च किए जाने पर भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं मिलता और खेल सुविधाओं में गुणवत्ता नहीं दिखती। बास्केटबाल मैदान में अगर खंभे में जंग लगी थी और वह कमजोर होने के कारण गिरने की स्थिति में था, तो वहां किसी खिलाड़ी को अभ्यास करने या खेलने से रोकना और खंभा तुरंत बदलना किसकी जिम्मेदारी थी? अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बार-बार की शिकायत के बावजूद उस खंभे की न मरम्मत की गई और न उसे हटाया गया। सच यह है कि खेल के मैदान में नियमित रखरखाव होता, तो अभ्यास के दौरान बास्केटबाल खिलाड़ी की जान नहीं जाती। आयोग ने साफ तौर कहा है कि यह संबंधित अधिकारियों की घोर लापरवाही और उनके कर्तव्यों में चूक है। ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा और चिंता का कारण बनने के बावजूद इस मसले पर राज्य सरकार की उदासीनता और अनदेखी एक अघोषित नीति है! वरना जांच रपट में देरी न करना और इस मसले पर जरूरी कदम उठाना उसकी नजर में प्राथमिक दायित्व होता।

## पैसे के विवाद में रास्ते में रोककर पूर्व कर्मचारी ने की मारपीट

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में पैसे के विवाद को लेकर हुए विवाद में पूर्व कर्मचारी ने गाड़ी से जा रहे फरियादी को रास्ते में रोका और मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस के मुताबिक फरियादी संजय पिता सतीशचन्द्र अग्रवाल निवासी गणेश धाम की रिपोर्ट पर आरोपी कल्याण पटेल ,अनिल पटेल अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मारपीट की घटना श्रीधर गोडाउन के सामने न्यू लोहा मंडी की गली नंबर 3 में हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे यहां पूर्व मे काम करने वाला कल्याण पटेल, अपने साथी अनिल पटेल व अन्य के साथ आया और कहने लगा कि अपने हिसाब में पैसे तुम्हारे ऊपर निकल रहे हैं। मैंने बोला कि तुम्हारा पूरा हिसाब क्लियर है फिर किस बात के पैसे? इसी बात को लेकर आरोपियों ने मारपीट की और मेरी गाडी की चाबी लेकर गाडी स्टार्ट करने लगा। गाडी स्टार्ट नहीं होने पर मुझे गालियां दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट में मुझे सिर में चोट आई है।

## मोहब्बत ने लगाया मौत को गले फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के मयूर नगर में मोहब्बत नामक एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

मृतक की पहचान मोहब्बत पिता रमेश (24), निवासी मयूर नगर के रूप में हुई है। परिजनों ने जब युवक को फंदे पर झूलते देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक किसी मानसिक तनाव या निजी समस्या से तो नहीं जूझ रहा था। आजाद नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# प्रॉपर्टी में निवेश और मुनाफे का लालच देकर 21.30 लाख की ठगी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक आरोपी ने निवेश पर अधिक मुनाफे और क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान से लाभ दिलाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रुपये हड़प लिए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी अक्षय जायसवाल निवासी शिवालिक अपार्टमेंट, लिंबोदी ने महालक्ष्मी नगर में 'रुषिका प्रॉपर्टी सॉल्यूशन' के नाम से कार्यालय खोल रखा था। आरोपी ने बिजलपुर निवासी आशीष चौधरी और अन्य आवेदकों को विश्वास में लिया कि यदि वे उसकी बताई स्कीम और प्रॉपर्टी में निवेश करते हैं, तो उन्हें कम समय में मोटा मुनाफा होगा।

इसके साथ ही उसने क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के जरिए भी लाभ कमाने का लालच दिया। ठग के झांसे में आकर पीड़ितों ने अलग-अलग समय में कुल 21 लाख 30 हजार रुपये से अधिक की राशि उसे सौंप दी। जब लंबे समय तक न तो मुनाफा मिला और न ही मूल राशि वापस हुई, तो पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने प्रारंभिक जांच और आर्थिक लेन-देन के दस्तावेजों के आधार पर अक्षय जायसवाल के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

## बंगले में चोरी,दो पर केस दर्ज

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र स्थित किला मैदान के एक बंगले में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद किया है। घटना किला मैदान बंगला नंबर ए-15 की है, जहाँ बीते कुछ दिनों से सूनेपन का फायदा उठाकर आरोपियों ने करीब 15 हजार रुपये के सामान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फरियादी पुष्पेंद्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सरफराज उर्फ सद्दाम निवासी चंदन नगर और धर्मेंद्र निवासी कंडिलपुरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने बंगले से कॉपियां, नोटबुक, प्लास्टिक की कुर्सियां, ट्रंक सूट, साड़ियां और स्कूल बैग जैसे घरेलू सामान चोरी कर लिए थे। मल्हारगंज पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी का दावा किया है।

## दो स्थानों पर चाकू लेकर घूमते युवक गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।छ्याज़ादनगर में पुलिस ने देर रात पन्नालाल चौराहा, शांति नगर मूसाखेड़ी क्षेत्र से कमल रोकड़े निवासी शांति नगर को छुरा लेकर घूमते पकड़ा। वहीं परदेशीपुरा पुलिस ने राजकुमार सब्जी मंडी के पास से सूरज निवासी नई जीवन की फेल को गिरफ्तार किया, तलाशी में उसके पास से धारदार चाकू बरामद हुआ दोनों मामलों में पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।



## पेड़ काटा तो 50 हजार का लगा जुर्माना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सहायक उद्यान अधिकारी देवेंद्र यादव ने बताया कि 128 इंद्रपुरी कॉलोनी भवन मालिक मयूर कुकरेजा द्वारा बिना नगर निगम की सक्षम अनुमति 50 साल पुराना पेड़ काट दिया गया। सूचना मिलने पर नगर निगम उद्यान विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर इसका पंचनामा बनाया। उधर नगर निगम जानकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि उक्त मामले में आज भवन मालिक से 1 लाख जुर्माना वसूला जाएगा।

# ट्रेडिंग कंपनी के ऑफिस का ताला टूटा

**शटर काटकर 3.37 लाख रुपये ले उड़े चोर**

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के देवास नाका इलाके में बदमाशों ने एक निजी ट्रेडिंग कंपनी को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी पार कर दी। वारदात 'ऑल इंडिया ट्रेडर्स' के कार्यालय में हुई, जहाँ चोरों ने शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और कैश बॉक्स में रखी भारी-भरकम राशि पर हाथ साफ कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी धीरज पटेल ने बताया कि वे 21 फरवरी की शाम को ऑफिस बंद करके गए थे। दो दिन बाद जब 23 फरवरी की सुबह वे कार्यालय पहुंचे, तो मुख्य शटर का ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि तिजोरी का ताला तोड़कर उसमें रखे 3,37,349 रुपये गायब थे। लसूड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

# रंजिश में घर में घुसा हमलावर युवक पर तलवार से किया वार

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री नगर में दहशत का माहौल बन गया, जब एक बदमाश ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के घर में जबरन घुसकर तलवार से हमला कर दिया। आरोपी ने न केवल युवक को निशाना बनाया, बल्कि बीच-बचाव करने आए उसके परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी अशोक कहार 35 वर्ष निवासी लाल बहादुर शास्त्री नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी विजय मण्डोरिया अचानक उसके घर में घुस आया। आरोपी के हाथ में तलवार थी, जिससे उसने अशोक पर हमला करने की कोशिश की। घर के अंदर मची चीख-पुकार सुनकर जब परिवारजन बचाने दौड़े, तो आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई और मारपीट की। घटना के दौरान आरोपी लगातार गालियां दे रहा था और जाते-जाते उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। अन्नपूर्णा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी विजय मण्डोरिया के खिलाफ घर में घुसकर हमला करने, मारपीट और धमकी देने की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# दूसरे की जमीन को अपना बताकर किया 30 लाख का सौदा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जमीन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह ने महू के ग्राम आंबा चंदन में एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाया है। आरोपियों ने किसी और के मालिकाना हक वाली जमीन को अपनी बताकर न केवल सौदा किया, बल्कि फर्जी कॉलोनी काटने का झांसा देकर पीड़ित से करीब 31 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। महू पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी किशोर परिहार की शिकायत पर आरोपी विकास परमार निवासी असरावद खुर्द, तेजाजी नगर और गजेंद्र मंडलोई निवासी ग्राम दतोदा, सिमरोल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों ने दिसंबर 2023 में किशोर परिहार को आंबा चंदन स्थित एक जमीन दिखाई थी। उन्होंने दावा किया था कि यह जमीन उनकी है और वे यहाँ एक कॉलोनी विकसित कर रहे हैं। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने प्लॉट के लिए एग्रीमेंट कर लिया' और अलग-अलग किस्तों में कुल 30 लाख 91 हजार 600 रुपये आरोपियों को दे दिए। बाद में जब पीड़ित को पता चला कि यह जमीन आरोपियों की है ही नहीं और न ही वहां किसी कॉलोनी की अनुमति है, तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे। पैसे लौटाने के बजाय आरोपी टालमटोल करने लगे। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

# ओरल हायजिन की अनदेखी बना सकती है बीमार-डॉ. मिलिंद करमरकर




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुंबई से आये वरिष्ठ प्रोस्थोडॉन्टिक्स इम्प्लान्टेलोजिस्ट डॉ. मिलिंद करमरकर द्वारा डेन्टल इम्प्लांट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि अगर ओरल हायजिन की अनदेखी की गई तो वह आपको बीमार बना सकती है। स्वस्थ मानव शरीर के लिये अच्छे खाने, क्वालिटी स्लीप व्यायाम पर ध्यान के साथ-साथ ओरल हायजिन की बड़ी भूमिका होती है। खराब ओरल हायजिन मानव शरीर पर असर डालती है और यह दिल की बीमारी, डायबिटिज, पेट की बीमारी जैसे रोगों की बुनियाद होते हैं। स्वच्छ और तंदरुस्त दांत एक अच्छे मानव शरीर के लिये बहुत आवश्यक है। दांतो के संरक्षण, दांतों और मुंह की देखभाल से हम अपनी दैनिक सेहत को भी अच्छा रख सकते है। दांतों की समस्या आगे चलकर बढ़ी परेशानियों का कारण बन सकती है, इसलिये सही समय पर उनकी देखभाल आवश्यक है। दांतो की बीमारी के उपचार में डेन्टल इम्प्लांट एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिससे जहां पर समयावधि से पहले दांत निकल जाने या दांत खराब होने में उपयोग किया जाता है। क्रार्यशाला शुभारम्भ पर डॉ. चंद्रेश शुक्ला, डॉ. हर्ष चंसारिया, डॉ अमि रामावत, डॉ गगन जायसवाल, पी.के. सक्सेना, टीएन सिंह, कपिल एच इलागर, मुकेश हजेला मौजूद थे।




## टी.एल .बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश स्तर से सी एम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेंडिग जारी की गई। जिसमे इंदौर शिक्षा विभाग ए-ग्रेड के साथ प्रदेश मे पांचवे स्थान पर रहा। इंदौर शिक्षा विभाग के इस प्रदर्शन पर कलेक्टर शिवम वर्मा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदौर सिद्धार्थ जैन द्वारा सप्ताहिक टीएल बैठक मे जिला शिक्षा अधिकारी डा.शांतास्वामी भार्गव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई।

## महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय द्वारा फन फेयर



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजेन्द्र नगर द्वारा छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में फन फेयर का आयोजन किया गया। नीलम निनामा, विजया शिंदे मौजूद थे।

## पश्चिमी क्षेत्र के राजनगर में बदमाशों का कार के कांच फोड़ो अभियान

### पूर्व पार्षद की गाड़ी भी रही निशाने पर





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चंदनगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र के राज नगर, रामानन्द नगर, नंदन नगर, दामोदर नगर और पंचमूर्ति नगर की कई गलियों में देर रात घरों के बाहर खड़ी कारों के कांच ईंट मारकर फोड़ दिए गए। करीब एक दर्जन से अधिक वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले इसी क्षेत्र के पुलिस चौकी में भी पथराव किया था। एक ही थाना क्षेत्र में कांच फोड़ू बदमाशों ने ईंट, डंडे से कांच को नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद आज सुबह रहवासियों ने जमकर आक्रोश जताया। लोगों ने कहा कि जब पुलिस चौकी पर घटना घटित हो गई उसके बाद भी पुलिस अलर्ट नहीं हुई और रात्रि गश्त में भी ढिलाई थी, इसलिए कई गाड़ियों के कांच फूट गए। लोगों के आक्रोश के बाद पुलिस को जानकारी मिली तो चंदननगर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना भी किया। अब पुलिस घटना वाले मोहल्लों की फूटी कार के कांच वाले क्षेत्र से सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे इन कांच फोड़ुओं को ढूंढा जा सके। भाजपा के पूर्व पार्षद राजेश चौहान की कार को भी बदमाशों ने निशाने पर लिया। पुलिस ने अभी तो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## रघुवंशी समाजजन सुनेंगे रामकथा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रघुवंशी समाज 19 मार्च को सुबह 10 बजे कलश यात्रा का आयोजन करेगा और इसी दिन 19 मार्च से दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रामकिशोर महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम कथा का वाचन रघवंशी कालोनी मरीमाता में होगा। 27 मार्च रामनवमी पर सुबह हवन, दोपहर महाआरती और रथयात्रा का आयोजन होगा। रथयात्रा के बाद भोजन और भजन का आयोजन भी रखा गया है। सदस्यता अभियान भी समाज का शुरू किया जा रहा है।

## छात्राओं को किया अपराध को लेकर जागरूक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस की टीम कस्तूरबा ग्राम रूरल इंस्टीट्यूट में पहुंची वहां उन्होंने छात्राओं को बाल विवाह से लेकर सामाजिक बुराई और महिला अपराध और उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस उपायुक्त महिला संध्या राय की टीम ने यह आयोजन किया।

## नैनोद मंदिर में चोरी और मूर्ति खंडित



**इंदौर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के नैनोद इलाके में चोरों ने अब आस्था के केंद्र मंदिर को अपना निशाना बनाया है। यहाँ के एक शिव मंदिर से अज्ञात बदमाश भगवान की कीमती मूर्ति चोरी कर ले गए और कुछ मूर्तियां खंडित भी की गई। घटना का पता आज सुबह जब पुजारी और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुँचे तभी चला। नैनोद स्थित शिव मंदिर में सोमवार रात चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर प्रवेश किया। बदमाशों ने मंदिर से एक मूर्ति चोरी की और फरार हो गए। सुबह जब मंदिर के पट खुले तो मूर्ति गायब देख रहवासी दंग रह गए। देखते ही देखते मंदिर परिसर में भीड़ जमा हो गई और लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## मुख्यमंत्री को अग्रसेन प्रवेश द्वार के लोकार्पण का न्योता



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर प्रवास के दौरान अग्रसेन यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने नवलखा स्थित अग्रसेन प्रतिमा स्थल पर यूथ क्लब द्वारा बनवाए जा रहे अग्रसेन प्रवेश द्वार के लोकार्पण का न्योता दिया। 19 मार्च को यह द्वार लोकार्पित होगा। संस्था सचिव सौरभ गोयल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवियों सहित पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## बच्चा चोर समझकर महिला को पीट दिया

### पति से विवाद होने पर रात्रि में घर से निकली थी अकेली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हीरा नगर थाना क्षेत्र के रघुनंदन बाग में रहने वाली एक महिला का 22 फरवरी की रात पति से कुछ कहासुनी के बाद वह घर से अकेली निकली तभी कुछ लोगों ने इस महिला को बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच कर देवेन्द्र, आरती, आशा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## अनिवार्य मतदान अधिनियम लागू करने को लेकर देंगे ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था न्यायाश्रय द्वारा 'अनिवार्य मतदान अधिनियम' लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा संस्था का मानना है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद चुनावों में अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। वोट नहीं डालने वालों पर 2 हजार रु. के प्रावधान दंड की बात भी संस्था से जुडे एडवोकेट पंकज वाधवानी ने कही।**

**इंदौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **गौरव भोंडवे पिता प्रमोदजी भोंडवे** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर खसरा नम्बर 525/3/5/2ग 525/3/5/2घ भू-भाग पैकी प्रायवेट भाग क्रमांक 06 सिरपुर इन्दौर पिन नं. 2000102101 सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़गोंदा थाना क्षेत्र के बेरछा रोड पर एक डेवलपर्स फर्म के माध्यम से धोखाधड़ी करने का मामला पुलिस को शिकायत रूप में सामने आया था। प्लाट, फार्म हाउस का सौदा कुछ सैन्य अधिकारी और कर्मचारियों से भी किए थे और उन्हें रजिस्ट्री नहीं कराई गई थी। मामला पुराना है। शिकायत के बाद जांच की जा रही थी। अब इस मामले में मोहम्मद अनीस पिता उस्मान कुरैशी निवासी जल एक्लेव बायपास रोड सिल्वर स्प्रिंग फेज-01 ग्राम नायता मुण्डला इंदौर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

## विधिक सहायता शिविर का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के विधि विभाग ने गोल्डन होप फाउंडेशन के सहयोग से श्री उमिया पाटीदार विद्यालय, ग्राम कोदरिया, महू में निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, साइबर अपराध, महिला अधिकार, वरिष्ठ नागरिक अधिकार तथा सरकारी योजनाओं से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत परामर्श दिया।

# नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**इन्दौर।** जिला नेटबॉल एसोसिएशन के द्वारा चौथी जूनियर जिलास्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता एवं द्वितीय जूनियर फास्ट 5 नेटबॉल और द्वितीय जूनियर मिक्सड नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अल्पाइन एकेडमी में आयोजित हो रही है इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीम भाग ले रही हैं।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एस कौशल, सुमित खिंची, उज्जवल डुगारिया ने किया। इस अवसर पर महिम कराहे, तनिष्का चौहान, विजय राठौड़ ने अतिथि का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन विशाल यादव ने किया आभार विजय राठौड़ प्रकट किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयनित कर मंदसौर में आयोजित राज्यस्तरीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में इन्दौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# कुकी मिस्त्री ने जीता स्वर्ण पदक





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जबलपुर में ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की उभरती हुई प्रतिभा निधिका पाल उर्फ कुकी मिस्त्री ने रेड मेट पर खंडवा की रेसलर को हराकर 58 किलोग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीता इसके पूर्व मंदसौर ग्वालियर में आयोजित मध्य प्रदेश केसरी अंतर्राष्ट्रीय दंगल में रनर ऑफ विनर विजेता होने का गौरव भी प्राप्त किया। इसी सेंटर की इशिका पटेल ने 33 किलोग्राम में रजत पदक जीता। सफलता पर विधायक मधु वर्मा, कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, नरेश वर्मा, मुन्ना पहलवान, महेश वर्मा, बच्चू पहलवान, संतोष कुशवाह, गुलशन यादव, फूलचंद वर्मा, रामचन्द्र वर्मा, महेश राठौर, निर्मल वर्मा, विमल वर्मा, कपिल हार्डिया, अभिषेक पाठक, ममता वर्मा, रूपमती वर्मा, प्रीति मिस्त्री, सीमा राठौर, भारती शर्मा, अंजलि वर्मा, अभिलाष वर्मा ने बधाई दी। उक्त जानकारी रमेश पाल मिस्त्री पहलवान ने दी।

**न्यूज इन बॉक्स**

## आरबीसीएफ की शानदार जीत



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में आरबीसीएफ एवं एलएसजीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 134 रन बनाये। कार्तिक यादव व स्पर्श धाकड ने 42-42 रन बनाये । रीतांशु राजपुत ने 3 विकेट लिये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम ने 13 ओवरो में 1 विकेट खोकर 136 रन बनकार यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। आदित्य कौशिक ने नाबाद आक्रामक 56 रन 4 चौके 3 छक्के व हार्दिक चौधरी ने 44 रनों का योगदान दिया।

## अभा पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इंदौर ।** सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपन्स एंड टैक्टिक्स (सीएसडब्लूटी), बीएसएफ, इंदौर (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आज से प्रारंभ हुई। शुभारंभ रेवती रेंज, इंदौर में कैलाश मकवाना, आईपीएस, डीजीपी, मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा किया गया। 1 मार्च तक चलने वाले इस छह दिवसीय भव्य आयोजन में देशभर के सीएपीएफ, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस बलों के 600 से अधिक निशानेबाज, जिनमें महिला कर्मी भी शामिल हैं, भाग लेंगे। अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पर्यवेक्षण में और राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों की देखरेख में कुल 17 खेल हथियार स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। यह चैंपियनशिप पुलिस कर्मियों को अपने निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करती है। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम प्रतिभाओं को खोजने और पहचानने में भी सहायक होता है।

## श्रीराम स्पोर्ट्स की आसान जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत श्रीराम स्पोर्ट्स एवं एमबीसीए के मध्य खेला गया जिसमें श्रीराम स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 166 रन बनाये। निलेश जादोन ने 46 रन एवं अंकित कदम ने 40 रनों का योगदान दिया । जवाब में एमबीसीए की टीम 19 ओवरो में 120 रनों पर सिमट गई और यह मैच 46 रनों से हार गई । वरूण चाहर ने 46 रन बनाये ।

# जीत पर लगा ब्रेक तो टीम इंडिया में शुरू हुआ मंथन

## एक खिलाड़ी होगा बाहर



**चेन्नई ।** भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है। इसके अलावा शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों यानी लेफ्ट हैंडर्स को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिये।

दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप सुपर 8 मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82 .75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाये हैं। बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा, 'अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा।' उन्होंने कहा, अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है। वहीं टेन डोइशे ने स्वीकार किया कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ़ साल में अच्छा खेल रहे हैं , भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी हैं और शीर्षक्रम में दाहिने हाथ का बल्लेबाज होने से भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, अगले दो अहम मैचों से पहले सैमसन को शामिल करने के बारे में अगले कुछ दिन में बात की जायेगी। केकेआर के पूर्व हरफनमौला ने कहा कि अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिये चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, मैं अभि या तिलक के लिये बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिये था। यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा, बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरूरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।

# वेस्टइंडीज व जिम्बाब्वे मैच में बना टी-20 वर्ल्ड कप का महारिकॉर्ड, लगे रिकार्ड छक्के

**मुंबई।** वेस्टइंडीज व जिम्बाब्वे मैच में मुंबई के मैदान पर इतने छक्के बरसे कि फैंस गिनते रह गए। इसी के साथ टी20 वर्ल्ड कप का एक महारिकॉर्ड भी बन गया। 31 छक्के इस मैच में लगे, जो किसी भी टी20 वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा हैं।

वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2026 का चौथा सुपर 8 का मैच खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने तूफानी बल्लेबाजी की। खासकर कैरेबियाई टीम के बल्लेबाजों ने, क्योंकि जिम्बाब्वे की टीम तो वैसे ही 100 से ज्यादा रनों से इस मैच को हारी। हालांकि, एक महारिकॉर्ड छक्कों का इस मैच में बन गया। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी मैच में इतने छक्के नहीं पड़े, जितने इस मैच में पड़े।

वेस्टइंडीज वर्सेस जिम्बाब्वे मैच में कुल 31 छक्के दोनों पारियों को मिलाकर पड़े। टी20 वर्ल्ड कप में इससे पहले 30 छक्के एक मैच में पड़े थे। एक दशक से ज्यादा समय पहले की वह बात है, लेकिन वह रिकॉर्ड अब टूट चुका है, क्योंकि वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीम ने एक नई कहानी लिख दी है। यहां तक कि वेस्टइंडीज ने तो संयुक्त रूप से एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का भी रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। 19 छक्के अकेले वेस्टइंडीज की ओर से इस मैच में जड़े गए। साल 2014 में नीदरलैंड और आयरलैंड की टीम ने मिलकर छक्कों का एक रिकॉर्ड बनाया था, जो टूटने का नाम नहीं ले रहा था। हालांकि, 12 साल के बाद उस छक्कों के रिकॉर्ड को चकनाचूर वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे ने मिलकर किया है। 30 छक्के उस मैच में पड़े थे, जो सिलहट में खेला गया था, लेकिन इस मैच में 31 छक्के हमें देखने को मिले।

# जिम्बाब्वे मुकाबले के लिए टीम इंडिया चेन्नई पहुंची



**चेन्नई।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण में भारत अपना दूसरा मुकाबला खेलने के लिए चेन्नई पहुंच गई है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया अब 26 फरवरी को एमए चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी।

भारतीय टीम सोमवार को अपने अगले मुकाबले के लिए चेन्नई पहुंच गई है, जहां उसका सामना जिम्बाब्वे से होगा। भारतीय टीम टी20 विश्व कप सुपर-8 में अपना पहला मुकाबला हार चुकी है, ऐसे में जिम्बाब्वे के खिलाफ उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। हालांकि उसके लिए जिम्बाब्वे से पार पाना मुश्किल होगा, क्योंकि जिम्बाब्वे की टीम ने हाल ही में ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका जैसी मजबूत टीम को धूल चटाई है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच गुरुवार को टी20 विश्व कप का सुपर-8 मुकाबला एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली भारतीय टीम को रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा। आईसीसी इवेंट में व्हाइट बॉल फॉर्मेट में भारत ने लगातार 17 मुकाबले जीते थे। भारत को इससे पहले पिछली हार 2023 वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली थी। दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार ने टूर्नामेंट में उसकी 12 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया और डिफेंडिंग चैंपियन को सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ते पर छोड़ दिया। अब उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए अपने शेष सुपर आठ मैचों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी। भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा। दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों की हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा, उम्मीद है कि अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी गेंदबाजी और अच्छा क्षेत्ररक्षण करेंगे। बस इतना ही। हम इसे सरल रखने का प्रयास करेंगे।

# खेलते-खेलते पानी से भरे गड्ढे में गिरा 2 साल का मासूम, मृत्यु

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर क्षेत्र की अमरपुरी कॉलोनी में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे ने दो वर्षीय मासूम की जान ले ली। घर के पास बने पानी से भरे गड्ढे में डूबने से बालक की मौत हो गई। इस दुखद घटना के बीच एक राहगीर की मानवता भी सामने आई, जिसने अपनी बाइक से माँ-बेटे को अस्पताल पहुँचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार, मासूम रुद्र पिता विनोद (2) घर के पास खेल रहा था, तभी वह अचानक गहरे गड्ढे में जा गिरा। परिजनों को जब तक भनक लगी, बच्चा पूरी तरह पानी में डूब चुका था। बेहाल माँ अपने जिगर के टुकड़े को गोद में लेकर सड़क पर मदद के लिए बिलख रही थी। उसी दौरान एमआर-10 चौराहे के पास से गुजर रहे गोपाल नामक युवक ने भीड़ और चीख-पुकार सुनकर अपनी बाइक रोकी। जब गोपाल को पता चला कि बच्चा पानी में डूब गया है और परिवार को एम्बुलेंस 108 तक बुलाना नहीं आता, तो उसने बिना समय गंवाए माँ और बच्चे को अपनी बाइक पर बैठाया। वह पहले उसे निजी अस्पताल लेकर पहुँचा, जहाँ से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे 'चाचा नेहरू' अस्पताल रेफर कर दिया। गोपाल तुरंत उन्हें लेकर बड़े अस्पताल पहुँचा, लेकिन वहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद रुद्र को मृत घोषित कर दिया।

# बी-फार्मा छात्र की सड़क हादसे में गई जान

## *तेज रफ्तार ट्राले ने कुचला, दो अन्य को भी मारी टक्कर*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल रोड पर एक बेकाबू ट्राले ने कहर बरपाते हुए एक होनहार छात्र की जान ले ली। तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार बी-फार्मा छात्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान अनियंत्रित ट्राले ने दो अन्य वाहन चालकों को भी चपेट में लिया। गुस्साए राहगीरों ने मौके से भाग रहे ट्राला चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, हादसा सोमवार दोपहर देवगुराड़िया रोड पर हुआ। मृतक की पहचान जुनेद पिता जावेद (24)निवासी काजी पलासिया के रूप में हुई है। जुनेद इंडेक्स कॉलेज में बी-फार्मा अंतिम वर्ष का छात्र था और अप्रैल में उसकी डिग्री आने वाली थी। वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ दवा बाजार की एक मेडिकल शॉप पर काम भी सीख रहा था ताकि भविष्य में खुद का मेडिकल स्टोर खोल सके। जुनेद के पिता किसान हैं और वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने



बताया कि ट्राला इतनी तेज रफ्तार में था कि जुनेद को टक्कर मारने के बाद उसने दो अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी, जिससे वे चालक मामूली रूप से घायल हो गए। घायल जुनेद को तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। खुड़ैल थाना पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर-इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# नौकरी पर जा रही युवती को आयशर ने रौंदा, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने ड्यूटी पर जा रही एक युवती को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू रफ्तार ने न केवल एक मासूम जिंदगी छीन ली, बल्कि एक संघर्षशील परिवार का सहारा भी छीन लिया।

चौधरी कॉलोनी में रहने वाली आरती पिता फूल सिंह रोज की तरह सुबह अपनी ड्यूटी के लिए निकली थी। वह मोंटी फूड प्रोडक्ट कंपनी की चॉकलेट फैक्ट्री में काम करती थी। जैसे ही वह प्रभुतोल कांटा के पास पहुँची, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आरती सड़क पर दूर जा गिरी और उसके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं।मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी और लहूलुहान हालत में आरती को एमवाय अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।



# मौसी पीलिया झड़वाने पहुँची तो फंदे पर लटका मिला भांजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रुस्तम का बगीचा इलाके में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक 35 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पिछले कुछ समय से बीमारी और अकेलेपन से जूझ रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक आकाश पिता राजू लोखंडे (35), पेशे से पेंटर था। सोमवार रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। आकाश को पिछले कुछ दिनों से पीलिया की शिकायत थी, जिसके इलाज के लिए आज सुबह उसकी मौसी उसे साथ ले जाने के लिए घर पहुँची थीं। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, अंदर का नजारा देख उनकी चीख निकल गई,आकाश फंदे पर झूल रहा था। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और उसे तुरंत फंदे से उतारकर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि आकाश की शादी 8 साल पहले हुई थी, लेकिन वैवाहिक विवाद के चलते 2 साल बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। पत्नी के अलग होने के बाद से ही वह काफी तनाव में रहता था और अकेला रह रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# कार के आर्म्स रेस्ट बॉक्स में छुपाकर रखी 1 लाख की एमडी जब्त, आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी कार के जरिए मादक पदार्थ 'एमडी' की सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी के पास से करीब 10 ग्राम अवैध ड्रग्स बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख रुपये आंकी गई है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम संदिग्धों की तलाश में गश्त पर थी, तभी रुद्र एजेंसी बिल्डिंग के पास खाली मैदान में एक संदिग्ध (कीया कार) खड़ी दिखाई दी। ड्राइविंग सीट पर बैठा व्यक्ति पुलिस के वाहन को देखते ही कार भगाकर




निकलने की कोशिश करने लगा। मुस्तैद पुलिस टीम ने शासकीय वाहन से घेराबंदी कर कार को रुकवाया और चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज मिश्रा, निवासी नंदबाग बताया।संदेह होने पर जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो आरोपी की चालाकी सामने आई। उसने कार की ड्राइविंग सीट के पास बने 'आर्म्स रेस्ट बॉक्स' में पारदर्शी पन्नी में एमडी छुपाकर रखी थी। पुलिस ने मौके से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जप्त किया।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सूरज ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है और केवल 10वीं तक पढ़ा है। उसने कबूल किया कि वह अवैध लाभ कमाने के लालच में बाहरी क्षेत्रों से सस्ते में ड्रग्स खरीदकर लाता था और इंदौर में नशे के आदी लोगों को ऊँचे दामों पर बेचता था। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि सूरज यह माल किससे लाया था और शहर में उसके संपर्क किन-किन लोगों से हैं।

# लाश पर पुलिस ने ढांकी तिरपाल



**चेहरा रखा खुला, अड़ोस-पड़ोस में पूछा पहचानते हो क्या इस अज्ञात को**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमजी रोड थाना क्षेत्र के कृष्णपुरा पुल के पास सुलभ काम्पलेक्स है, उसके कोने पर आज सुबह अधेड़ की लाश की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने तत्काल शव पर तिरपाल ढांकी, केवल उसका मुंह खुला रखा और वहां मौजूद लोगों को पूछा कि इस व्यक्ति को पहचानते हो क्या। पुलिस ने अज्ञात में मर्ग कायम कर लिया, शरीर पर कोई चोंट के निशान नहीं है, अब पुलिस जानकारी निकाल रही है कि मृत्यु कैसे हुई।

# स्कूल ड्रेस दुकान में भीषण आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

निहालपुरा स्थित दशरथ मार्केट में आज सुबह एक स्कूल ड्रेस की दुकान में भीषण आग लग गई। आग दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान में लगी थी, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड को आज सुबह करीब 6:55 बजे दशरथ मार्केट में आग लगने की सूचना मिली थी। मोती तबेला फायर स्टेशन से एसआई संतोष दुबे के नेतृत्व में



टीम तत्काल रवाना हुई। आग दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान नंबर 214 में लगी थी, जिसके संचालक दिनेश पिता गंगाराम हैं। सुबह का समय होने के कारण मार्केट की अन्य दुकानें बंद थीं, लेकिन धुएं और लपटों को देखकर आसपास के लोग सहम गए।दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे तक चले ऑपरेशन में 8 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग को पूरी तरह बुझाया। फायर टीम की तत्परता के कारण आग को दूसरी मंजिल तक ही सीमित रखा गया, जिससे मार्केट की अन्य दर्जनों दुकानें जलने से बच गईं। उधर इस अग्निकांड में दुकान में रखी बड़ी संख्या में स्कूल ड्रेस और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।